BARKATULLAH UNIVERSITY, BHOPAL

website: -www.bubhopal.ac.in

Email:- buaff2023@gmail.com

संशोधित-3

क्रमांकः 575 /अकादमी/संबंद्धता/2024 भोपाल दिनांकः 22.03.24

:: अधिसूचना ::

पूर्व में जारी अधिसूचना क्रमांकः 497/अकादमी/संबंद्धता/2024 भोपाल दिनांकः 15-03-2024 में आंशिक संशोधन करते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 की स्थाई/अस्थाई संबंद्धता/ नवीनीकरण / पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों की निरन्तरता / सीट संख्या में वृद्धि प्राप्त करने, नवीन महाविद्यालय, नवीन विषय प्रारंभ करने एवं पूर्व से संचालित विषयों की उत्तरवर्ती कक्षाओं की अस्थाई संबंद्धता प्राप्त करने हेतु म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल / केन्द्रीय निकाय की अनुमति के साथ विश्वविद्यालय में संपूर्ण जानकारी (आवश्यक प्रपत्रों) के साथ एम.पी.आनलाईन के माध्यम से आवेदन एवं शुल्क 18% जी.एस.टी. सहित जमा करने की अंतिम तिथि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार निम्नानुसार रखी गई हैः-

क्रमांक	समस्त पाठ्यक्रम / संकाय / सामान्य / व्यवसायिक	निर्धारित अंतिम तिथियां
01	कला, वाणिज्य, विज्ञान, समाज विज्ञान, गृह विज्ञान, शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, प्रबंधन, विधि पाठ्यक्रम एवं अन्य सामान्य पाठ्यक्रमों की सत्र 2024-25 में अस्थाई संबंद्धता, नवीनीकरण, निरंतरता, सीट संख्या में वृद्धि प्राप्त करने, नवीन विषय, नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने एवं पूर्व से संचालित विषयों को उत्तरवर्ती कक्षाओं की अस्थाई संबंद्धता हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि	01-04-2024

NOTE:-

(1) महाविद्यालय MP Online के माध्यम से आवेदन करने की अंतिम तिथि के पश्चात 03 दिवस के अन्दर (दिनांकः 04-04-2024) संपूर्ण आवेदन पत्र (Part-A) मय स्टाफ प्रोफाईल के जिसमें महाविद्यालय में कोड-28 के अंतर्गत् नियुक्त शिक्षक का नाम, पदनाम, पिता/पति का नाम, पता, मोबाईल नम्बर, आधार नम्बर, पेन कार्ड नम्बर, शैक्षणिक योग्यता, शिक्षक का फोटोग्राफ विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एवं उसकी प्रति, विश्वविद्यालय में जमा एफ.डी.आर. के विवरण सहित मय संलग्नों के प्रस्तुत दस्तावेजों को तालिकानुसार फ्लेग के साथ प्राचार्य / संस्था के सचिव से अनिवार्य रूप से सत्यापित करवाकर महाविद्यालय की सील सहित विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें। (पूर्व से संचालित पाठ्यक्रमों के शिक्षक / प्राचार्य की सूची मय मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल एड्रेस के साथ)

(2) नवीन आवेदित महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम में प्रवेश तभी दिया जावे जब तक कि महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से संबंद्धता प्राप्त हो।

(3) विशेष नोट :-महाविद्यालयों द्वारा संबंधित विषयों की ऑनलाईन के माध्यम से जमा किए गये आवेदन के साथ संपूर्ण दस्तावेजों की हार्ड कापी सहित अकादमी कक्ष में दिनांकः 04-04-2024 तक जमा करना अनिवार्य है। आवेदन के अभाव में महाविद्यालय को संबंद्धता संबंधी पत्र जारी नहीं किया जावेगा। आनलाईन आवेदन नहीं करने पर अस्थाई संबंद्धता / स्थाई संबंद्धता / नवीनीकरण / सीट संख्या में वृद्धि प्रकरण पर कार्यवाही नही की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित महाविद्यालय / संस्था की होगी।

(4) महाविद्यालय से प्राप्त किया जाने वाला शुल्क, पूर्व बकाया शुल्क का विवरण लेखा www.bubhopal.ac.in पर प्रदर्शित किया गया है। सत्र 2022-23 तक का बकाया शुल्क एक मुश्त जमा किया जाना है। समन्वय समिति/माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 का संबंद्धता शुल्क का एक तिहाई आवेदन के साथ जमा करना आवश्यक है।

(5) उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय से पारंपरिक एवं विधि (लॉ) पाठ्यक्रमों के लिये जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र / निरंतरता आदेश के पश्चात 07 दिवस के अंदर संबंधित विश्वविद्यालय में निरंतरता / संबंद्धता हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा।

कुलसचिव

पृ.क्रं. 576 /अकादमी/संबंद्धता/2024 भोपाल दिनांकः 22.03.24

प्रतिलिपिः-

(1) आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन भोपाल।
(2) क्षेत्रीय संचालक, राष्ट्रीय अध्यापक परिषद, श्यामला हिल्स मानस भवन, भोपाल।
(3) राज्यपाल के अवर सचिव राजभवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(4) संचालक, तकनीकी शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
(5) अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
(6) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालक की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
(7) परीक्षा नियंत्रक एवं सहायक कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।
(8) कुलपतिजी / कुलसचिवजी के निज सचिव / सहायक के मध्यम से सूचनार्थ प्रेषित।
(9) वेबसाईट प्रभारी, उपरोक्त अधिसूचना को वेबसाईट पर अपलोड करें।

सहायक कुलसचिव (अकादमी)

E:\RKV WORK\ACADMIC WORK\LETTER_H2.docx